## एक नजर में

### उज्जैन : 700 करोड़ से बनेगा 29 किमी घाट

**उज्जैन, 08 नवंबर.** मध्यप्रदेश के उज्जैन में 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए 700 करोड़ रुपए से अधिक राशि से करीब 29 किलोमीटर के घाटों का निर्माण किया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शिप्रा नदी को शहरी क्षेत्र में दिशा देने एवं श्रद्धालुओं को सिंहस्थ व अन्य धार्मिक पर्वों पर स्नान हेतु सुगम एवं स्वच्छ स्थान प्रदाय करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा 778 करोड़ रू की राशि से घाट निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदाय की गयी है. आधिकारिक जानकारी में बताया कि इस कार्य के अंतर्गत शिप्रा एवं कान्ह नदी के दोनों तटों पर कुल 29 किमी के घाट, शिप्रा नदी पर तीन वेंटेड कॉज़-वे, कान्ह नदी पर पांच एवं शिप्रा नदी पर एक बेराज़ का निर्माण भी किया जाएगा.

### खेत में जुताई करता ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**नरसिंहपुर, 08 नवम्बर.** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में आज सुबह खेत में जुताई करते समय एक ट्रैक्टर पलट गया, जिससे उसके चालक की मौत हो गई. गोटेगांव पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेलखेडी मुआर गांव में आज सुबह रिब्बू ठाकुर (26) खेत की जुताई कर रहा था. उसी समय जमीन के असमतल हिस्से में ट्रैक्टर पलटने से वह उसके नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई.

# बिहार की बहार, एनडीए सरकार : मुख्यमंत्री

- मोदी-नीतीश के नेतृत्व में बिहार विकास की राह पर
- राहुल गांधी ने मानी हार, घूम रहे पचमढ़ी की वादियों में



**पटना, 08 नवंबर. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को बांका जिले की बेलहर, मोतिहारी जिले की पिपरा और बोधगया विधानसभा में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया.**

उन्होंने कहा कि बिहार का जनमानस बता रहा है. बिहार की बहार, एनडीए सरकार. जनता का उत्साह इस बार फिर एनडीए की जीत की गवाही दे रहा है. डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चिराग पासवान लगातार जनता के बीच हैं, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव छोड़ पचमढ़ी घूमने चले गए हैं. उन्होंने तंज कसा लगता है राहुल गांधी ने हार मान ली है, वे शायद चुनाव बाद अपनी बात रखेंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों, जवानों, माताओं-बहनों और युवाओं के लिए काम कर रहे हैं.

अब भारत वह देश है जो आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारता है. पहले आतंकवादी भाग जाते थे और दिल्ली से मंजूरी लेनी पड़ती थी, अब सैनिक गोली चलाने से पहले पूछते नहीं.

### सीएम ने पीएम मोदी का माना आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ वंदे भारत ट्रेनें गति, प्रगति और गौरव की प्रतीक हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में बनारस-खजुराहो सहित देश को 4 नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्यमान खजुराहो भारतीय कला, संस्कृति और स्थापत्य की अमूल्य धरोहर है.

## मंत्रालय के गलियारों से



कन्हैया लोधी

### साहब की निगेटिव मार्किंग

पिछले दिनों राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारे में एक आदेश की काफी चर्चा रही. ये आदेश ऐसा था, जिससे धरतीपुत्र सीधे प्रभावित हो रहे थे. बताया जा रहा है कि इस आदेश को जारी करने से पहले मंत्रालय के ही एक आला अधिकारी से एप्रूवल ले लिया गया था. आदेश जारी होने के दो दिन तक तो आला अधिकारी भी इसे वाजिब ठहराने की कोशिशों में लगे रहे, लेकिन इस मामले में जैसे ही सरकार पर दबाव बढ़ा तो फिर आनन-फानन में एक्शन की बात आ गई. इस एक्शन के चलते एक मैदानी अधिकारी पर गाज गिर गई और फिर साहब ने जैसे-तैसे स्थिति को संभाला. बताया तो ये भी जा रहा है कि इस आदेश के चलते साहब की निगेटिव मार्किंग भी हो गई है.

#### कोशिश जो नाकाम हो गई

पिछले दिनों राजधानी में मप्र के स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पहले तो केवल एक दिनी कार्यक्रम होता था, पहली बार तीन दिनी हुआ. कार्यक्रम के दूसरे दिन एक भजन गायक को आमंत्रित किया गया था. देर से मिले मौके के बाद गायक ने समां बांधने की कोशिश की, लेकिन वे श्रोताओं से ज्यादा कनेक्ट नहीं कर पा रहे थे. इस बीच वे कार्यक्रम में मौजूद सरकार के पास पहुंच गये और उन्हें मंच पर चलने और साथ गायन का ऑफर दिया, लेकिन सरकार ने मुस्कुराते हुए विनम्रता से इंकार कर दिया. गायक की सरकार को मंच पर लाने की कोशिश नाकाम हो गई. ऐसे में गायक भी वापस मंच पर पहुंचें और फिर लोगों से कनेक्ट करने की कोशिश करते रहे.

#### इस सभा के क्या है मायने

प्रदेश की कभी फायर ब्रांड रही नेत्री ने पिछले दिनों राजधानी में एक गैर राजनीतिक सभा की. इस कार्यक्रम में उन्हें उम्मीद थी कि भारी भीड़ उमड़ेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका. उन्होंने मुद्दा तो सामयिक उठाया, लेकिन वजह जो भी हो, विचारधारा से जुड़े लोग भी इस कार्यक्रम में नहीं पहुंचे, नतीजा ये रहा कि जिस जोश के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, उतने ही ठंडे माहौल में समापन भी हो गया, अब आगे देखना दिलचस्प होगा कि उनका ये गैर राजनीतिक आंदोलन किस मुकाम पर पहुंचता है. इस बीच अब राजनीतिक विश्लेषक उनकी इस सभा के मायने निकालने लगे हैं. तर्क दिया जा रहा है कि सही समय में सही निर्णय न लेने की चूक अब पूरी चूक में तब्दील हो चुकी है. फिलहाल मप्र में तो कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है.

#### उम्मीदों पर पानी फेर रहा विभाग

तीन-चार माह पहले राजधानी में मेट्रो की सौगात अक्टूबर-नवंबर में मिलने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन सरकार के निर्देश के बाद भी काम समय पर पूरा नहीं हो सका. इस मौके पर राजधानी में भव्य आयोजन करने की तैयारी है, लेकिन विभाग की लेटलतीफी चिंता का सबब बनी हुई है.

## भीम आर्मी और हिंदू संगठनों की झड़प, पथराव में तीन घायल

- पुलिस ने किया लाठीचार्ज, वाटर कैनन का इस्तेमाल

**दतिया, 8 नवंबर. जिले के इंदरगढ़ कस्बे में शनिवार दोपहर बाद पुतला दहन को लेकर भीम आर्मी और हिंदू संगठनों के बीच झड़प हो गई.**

झड़प के दौरान पत्थरबाजी हुई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए. पुलिस ने लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल कर भीड़ को तितर-बितर किया. घायलों को इंदरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुतला दहन विवाद की शुरुआत तब हुई जब आज शनिवार को भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के करीब 200 कार्यकर्ता, ग्वालियर संभागीय अध्यक्ष केशव यादव के नेतृत्व में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का पुतला दहन करने के लिए अंबेडकर पार्क से रैली निकाल रहे थे. जब जुलूस ग्वालियर चौराहे के पास पहुंचा, तो तय जगह से करीब 25 फीट पहले ही कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंक दिया. तभी वहां मौजूद 70-80 हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं ने विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी.

आजाद समाज पार्टी के नेता दामोदर यादव का पुतला जलाया. दोनों पक्षों में विवाद के बाद पत्थरबाजी हुई. कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा. स्थानीय पुलिस ने झड़प को प्रारंभिक स्तर पर शांत किया, लेकिन कुछ समय बाद भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता इंदरगढ़ थाने पहुंचे और पं. धीरेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की.

## पूर्व सीएम उमा भारती ने पन्ना में मंदिरों के दर्शन

**पन्ना, 8 नवम्बर. पूर्व मुख्यमंत्री एवं फायरब्रांड नेता उमा भारती देर रात पन्ना पहुंचीं. शनिवार की सुबह उन्होंने पन्ना के प्रमुख मंदिरों युगल किशोर, बलदाऊ जी एवं प्राणनाथ जी के दर्शन किए.**



दर्शन उपरांत मंदिर में ही पत्रकारों से संक्षिप्त चर्चा के दौरान उन्होंने पन्ना के ऐतिहासिक मंदिरों और पुरातात्विक धरोहरों की प्रशंसा की. उमा भारती ने कहा कि हमारा देश पहले बहुत मजबूत था. कलिंजर जैसे किले हमारी समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं. लेकिन अब हम कमजोर हो गए हैं. जब मैं कलिंजर किले से निकल रही थी, तब मन में विचार आया कि हमारी संस्कृति कितनी समृद्ध है, पर हमारा सामर्थ्य कमजोर हो गया है. संस्कृति और सामर्थ्य का मेल होना चाहिए. हम इतनी बड़ी संख्या में हैं, फिर भी मात्र दो लाख अंग्रेज आए और हमें गुलाम बना लिया. इतनी समृद्धि होने के बावजूद हम क्यों कमजोर होते जा रहे हैं, इस पर चिंतन करना चाहिए. बुंदेलखंड राज्य गठन पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उमा भारती ने कहा कि मैं बुंदेलखंड राज्य के गठन के समर्थन में हूं. हमारी पार्टी छोटे राज्यों के गठन की समर्थक रही है, क्योंकि इससे प्रशासनिक सुविधा और विकास की गति बढ़ती है.

अब तक बुंदेलखंड राज्य की मांग दो राज्यों से जुड़ी रही है, परंतु मध्यप्रदेश के लोग उत्तरप्रदेश के बुंदेलखंड में शामिल होना नहीं चाहते. इसलिए यदि मध्यप्रदेश से अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग की जाए, तो यह बेहतर होगा, और मैं इसका समर्थन करती हूं. गंगा संरक्षण पर उन्होंने कहा कि गंगा हमारी संस्कृति और आस्था की आत्मा है. गंगा, गाय और प्रकृति इन तीनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, तभी समाज और राष्ट्र का कल्याण संभव है. उनसे मिलने के लिए क्षेत्रीय सांसद डॉ. बी.डी शर्मा एवं स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह सर्किट हाउस पहुंचे और उनका स्वागत किया. बाद में सिंह उनके साथ मंदिरों के दर्शन हेतु भी गए.

## कुटीर उद्योगों के प्रोत्साहन से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

### रीवा में एक जिला-एक उत्पाद एवं निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला में पहुंचे उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

**भोपाल, 8 नवम्बर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कुटीर उद्योगों की स्थापना और स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे. स्थानीय उद्यमियों को उनके उत्पादों की बाजार उपलब्धता से आर्थिक समृद्धि भी मिलेगी.**



वे रीवा में आयोजित एक जिला-एक उत्पाद एवं निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे. ईको पार्क में जिला प्रशासन और एमपीआईडीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में शुक्ल ने कहा कि देश की आर्थिक समृद्धि शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार पर निर्भर है. उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूहों और कारीगरों को प्रशिक्षण देकर उनके उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाना एमपीआईडीसी की जिम्मेदारी है.

उप मुख्यमंत्री ने एमपीआईडीसी द्वारा असम की बैम्बू लेडी ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध नीरामोई शर्मा को आमंत्रित कर स्थानीय उद्यमियों को बांस उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिलाने की पहल की सराहना की. उन्होंने घोषणा की कि रीवा में व्यंकट भवन के पास हाट बाजार का निर्माण किया जाएगा, जहाँ स्थानीय उत्पादक अपने उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे. कार्यशाला में नीरामोई शर्मा ने कहा कि बांस से बनी वस्तुएँ कम लागत में अधिक आय का साधन बन सकती हैं. उन्होंने बांस उत्पादन बढ़ाने और प्लास्टिक के उपयोग को घटाने का आह्वान किया. वनमंडलाधिकारी लोकेश नागपुरे ने बताया कि आगामी वर्ष में जिले में बांस की प्रचुर कटाई होगी, जिससे पर्याप्त कच्चा माल उपलब्ध रहेगा. एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक यूके तिवारी ने बताया कि लोकल टू ग्लोबल उद्देश्य के तहत स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं. कार्यशाला में उद्योग विभाग, बैंक, महिला उद्यमी, स्टार्टअप प्रतिनिधि और वालमार्ट प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की.

## घुसपैठियों का नाम कटने से डर रहा विपक्ष

**खजुराहो, 08 नवंबर.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सासंद विष्णु दत्ता शर्मा ने शनिवार को कहा कि घुसपैठिए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का वोट बैंक हैं और इसलिए ये दल मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध कर रहे हैं. शर्मा ने यहां विशेष बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस में संवाददाताओं से बात करते हुए कि बिहार में एसआईआर से विपक्ष का वोट बैंक समाप्त हो गया है.

## स्कॉर्पियो की टक्कर से दो छात्रों की मौत

**इंदौर.** तेज रफ्तार नई स्कॉर्पियो कार ने बाइक सवार तीन छात्रों को टक्कर मार दी, जिसमें दो छात्रों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है. यह दर्दनाक हादसा शुक्रवार रात करीब दो बजे लसूड़िया थाना क्षेत्र के लाइफ केयर अस्पताल के सामने हुआ. जिस स्कॉर्पियो से यह दुर्घटना हुई, वह बिल्कुल नई थी उसके बोनट पर अब भी माला और रिबन बंधे हुए थे. पुलिस के अनुसार, तीनों छात्र बाइक क्रमांक एमपी-09 क्यूझेड 0714 से पेट्रोल पंप के सामने बने डिवाइडर कट से मुड़ रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जबरदस्त टक्कर मारी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक कार के आगे फंस गई और तीनों छात्र करीब 30 मीटर तक सड़क पर घसीटते चले गए.

## ग्वालियर से गिरफ्तार हुई बांग्लादेशी युवती, फोन से मिले संदिग्ध चैट

**ग्वालियर, 08 नवम्बर. ग्वालियर में एक बार फिर बांग्लादेशी कनेक्शन सामने आया है. पुलिस ने पॉश इलाके गोविंदपुरी स्थित एक फ्लैट पर छापा मारकर एक युवती को हिरासत में लिया है.**

इसके पास से बांग्लादेशी नागरिक होने के सबूत मिले हैं. युवती बिना किसी वैध दस्तावेज़ के अवैध रूप से भारत में रह रही थी. पुलिस ने एक युवक को भी हिरासत में लिया है, जो उसका मित्र बताया जा रहा है. फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है. एसएसपी धर्मवीर सिंह ने पुष्टि करते हुए कहा कि एक युवती अवैध रूप से भारत आई थी और ग्वालियर में रह रही थी. उसे हिरासत में ले लिया गया है. पुलिस को सूचना मिली थी कि विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध बांग्लादेशी महिला रह रही है. विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने पहले इसकी गोपनीय ढंग से तस्दीक की. जब मामला सही पाया गया तो पुलिस टीम ने फ्लैट में पहुँचकर युवती से पूछताछ की और तलाशी ली. इस दौरान उसके पास से बांग्लादेश के दस्तावेज़ बरामद हुए. हालांकि वह भारतीय नागरिकता से जुड़े किसी दस्तावेज़ को पेश नहीं कर सकी. देर रात तक युवती से विश्वविद्यालय थाने में पूछताछ जारी रही. जिस व्यक्ति के ज़रिये वह भारत आई थी, उसे भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. युवती के मोबाइल में कई संदिग्ध नंबर और चैट रिकॉर्ड मिले हैं.

## नशीली कफ सिरप जप्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

**सीधी.** नशे के अवैध व्यापार के विरुद्ध चल रहे विशेष अभियान प्रहार 2.0 के तहत पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन, उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र हेमंत चौहान के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के नेतृत्व में सघन कार्रवाई जारी है. इसी क्रम में चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत एवं टीम ने मुखबिर सूचना पर ग्राम खैरा के पास से 20 शीशी कोडीन फॉस्फेट युक्त आनरेक्स कफ सिरप तथा एक मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन जप्त कर कुल 1 लाख 3900 रूपये मूल्य का मशरूका जब्त किया है. आरोपियों में आदर्श सिंह भदौरिया, मोहित यादव, नर्वदा प्रसाद द्विवेदी शामिल हैं.

देशव्यापी आंदोलन की तैयारी | कांग्रेस ने शुरू किया व्यापक 'वोट-रक्षा अभियान'

## कांग्रेस ने लगाया चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 08 नवम्बर. मध्यप्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को दस-सूत्रीय व्यापक वोट-रक्षा अभियान की घोषणा की और आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के पीछे चुनाव आयोग पर भाजपा का प्रभाव काम कर रहा है.**



पार्टी नेताओं ने इसे लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश बताया और देशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब चुनाव आयोग की जगह गृहमंत्री अमित शाह दे रहे हैं, जो आयोग की स्वायत्तता पर प्रश्नचिह्न है. पटवारी ने कहा कि बिहार के पहले चरण में लाखों वोटरों को अपने बूथ ही नहीं मिले क्योंकि नाम रातोंरात सूची से हटाए गए. उन्होंने कहा, कांग्रेस एक भी देशभक्त नागरिक का नाम मतदाता सूची से कटने नहीं देगी. कांग्रेस ने 25 से 30 नवंबर तक दिल्ली में बड़े पैमाने पर जन-संगठन कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की. पटवारी ने बताया कि रामलीला मैदान से लाखों लोग पैदल मार्च करेंगे और 30 नवंबर को राष्ट्रपति भवन के सामने मानव-श्रृंखला बनाएंगे.

मध्यप्रदेश से 50,000 कार्यकर्ता 100 विशेष ट्रेनों के माध्यम से दिल्ली पहुंचेंगे. दिग्विजय सिंह ने कहा कि पहले जन्म-तिथि, राशन कार्ड और स्कूल प्रमाण-पत्र जैसे दस्तावेज पर्याप्त थे, लेकिन नागरिकता प्रमाण-पत्र मांगा जा रहा है, जो अधिकांश नागरिकों के पास नहीं है. उन्होंने मांग की कि चुनाव की घोषणा होते ही मतदाता सूची को फ्रीज किया जाए ताकि उसके बाद किसी तरह की हेरफेर न हो सके. सिंघार ने 12 राज्यों में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण शुरू किए जाने पर सवाल उठाए.





| | | |
|---|---|---|
| ENTRY | Air Force Common Admission Test (AFCAT) Entry | NCC Special Entry |
| BRANCHES | Flying/ Technical/ Weapon Systems/ Administration/ Logistics/ Accounts/ Education/ Meteorology | Flying (NCC Air Wing 'C' certificate is mandatory) |

AFCAT Entry: Registration mandatory and online exam/ NCC Special Entry registration mandatory and no online exam

Aadhaar card is mandatory for online registration

Registrations open from **10 Nov 2025 till 09 Dec 2025**

For more details, refer to Employment News dated 08 Nov 2025 and for detailed notification visit our website **careerairforce.gov.in** and **afcat.edcil.co.in**

**For updates, follow us on**

DISHA by Indian Air Force | careeriniaf | CareerinIAF

**DISHA Cell, Air Headquarter, Vayu Bhawan**
**Tel: 011-23013690 | Toll-free No.: 1800-11-2448 | E-mail: careeriniaf@gmail.com**

CBC 10801/13/0016/2526